The Speaker made an announcement welcoming H.E. Mr. Marinus Bee, Chairman of the National Assembly of the Republic of Suriname and Members of the Parliamentary Delegation

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, मुझे आपको सूचित करना है कि आज सदन में विशिष्ट दीर्घा में सूरीनाम गणराज्य की नैशनल असेंबली के चेयरमैन महामहिम श्री मरीनुस बे और उनके साथ आए सूरीनाम के संसदीय शिष्ट मंडल के सदस्य विराजमान हैं । मैं अपनी ओर से तथा सदन के सभी माननीय सदस्यों की ओर से भारत की यात्रा पर आए हमारे सम्मानित अतिथि श्री मरीनुस बे और वहां के संसदीय शिष्ट्र मंडल के सदस्यों का स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूं । संसदीय शिष्ट मंडल के सदस्यों का भारत आगमन रविवार, दिनांक 4 फरवरी, 2024 को हुआ था । शिष्ट मंडल के सदस्य दिल्ली के अतिरिक्त अयोध्या एवं आगरा की यात्रा भी करेंगे । उनका गुरुवार दिनांक 8 फरवरी, 2024 को भारत से प्रस्थान होगा । हम अपने देश में उनके सुखद और सफल प्रवास की कामना करते हैं । उनके माध्यम से हम सूरीनाम की संसद, वहां की सरकार, वहां की मित्रवत जनता को अपनी बधाई और शुभ कामनाएं प्रेषित करते हैं ।

? (व्यवधान)

________ -

-

<u>11.01 ½hrs</u>